BIHAR: नकली शराब फैक्ट्री का खुलासा, दो शराब माफिया गिरफ्तार

MOTIHARI:मोतिहारी के पिपरा कोठी थाना क्षेत्र में बिशुनपुर गांव में पुलिस ने नकली शराब बनाने वाली मिनी फैक्ट्री का खुलासा किया है। मौके से बड़ी मात्रा में स्प्रिट, पैकिंग मशीन, पैकिंग रेपर और शराब बनाने की अन्य सामग्री बरामद की गई। इसके अलावा पुलिस ने 6 लाख 59 हजार रुपये भी जब्त किए।

पुलिस को जानकारी मिली थी कि रंजन कुमार और संजय राय मिलकर इस गांव में नकली शराब का कारोबार चला रहे थे। होली से पहले पुलिस ने इस फैक्ट्री पर छापा मारकर शराब बनाने और पैकिंग करने वाली मशीन को भी जब्त किया।

Source: https://firstbihar.com/bihar/purvi-champaran/motihari-fake-liquor-factory-bishunpur-police-bust-807517